**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**22.07.2024** **19.45 बजे**

**'' मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध– आईजीएमसी में 6 सौ स्टॉफ नर्स और 43 ऑपरेशन थियेटर असिस्टैंट जल्द होंगे तैनात।
- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने तीन नवनिर्वाचित विधायकों को दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– प्रदेश सरकार के जनहित के मुददो का सर्मथन करेगी भाजपा– मनमानी के खिलाफ उठाएगी आवाज।
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने केंद्रीय बजट में हिमाचल सहित अन्य पहाड़ी राज्यों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की मांग की।

**सुक्खू**

प्रदेश सरकार राज्य के मैडिकल कॉलेजों में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में स्वास्थ्य विभाग की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि आई.जी.एम.सी. में 6 सौ स्टॉफ नर्स और 43 ऑपरेशन थियेटर असिस्टैंट शीघ्र तैनात किए जाएंगे ताकि मरीजों को समय पर उचित उपचार मिल सके। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के लोगों को आधुनिक और बेहतर तकनीकी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि आई.जी.एम.सी. में आधुनिक उपकरणों और मशीनों की खरीद के लिए सरकार 25 करोड़ रुपये देने जा रही है। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल,

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी और विधायक हरीश जनारथा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**<u>शपथ</u>**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने आज शिमला स्थित विधानसभा सदन में एक विशेष समारोह के दौरान 3 नव निर्वाचित विधायकों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में देहरा से कमलेश ठाकुर, हमीरपुर से आशीष शर्मा और नालागढ़ से हरदीप सिंह वाबा शामिल रहे। शपथ समारोह के दौरान मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, कैबिनैट मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल, हर्षवर्धन चौहान, रोहित ठाकुर, विक्रमादित्य सिंह, राजेश धर्माणी, और संसदीय सचिवगण, विधायकगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। शपथ के बाद पत्रकारों से बातचीत में कुलदीप सिंह पठानियां ने कहा कि आज नव निर्वाचित तीन सदस्यों ने विधानसभा सदस्य के पद की शपथ ग्रहण की है और मैं अपेक्षा करता हूँ कि ये सभी अपने–अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे और समर्पण की भावना से जनहित में कार्य करेंगे। आगामी मानसून सत्र के आयोजन से सम्बन्धित पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि विधानसभा के मानसून सत्र का आयोजन अगस्त माह के आखिरी सप्ताह में किया जा सकता है।

**<u>मुख्यमंत्री</u>**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश की जनता ने खरीद–फरोख्त की राजनीति को सिरे से नकार दिया है। आज शिमला स्थित विधानसभा में नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार

को गिराने का षड़यंत्र रचा जिसके फलस्वरूप प्रदेश में विधानसभा उप–चुनावों की स्थिति उत्पन्न हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों का संख्या बल एक बार फिर 40 हो गया है और भाजपा के षड़यंत्र के कारण प्रदेश में चार माह तक विकासात्मक कार्य बाधित हुए। उन्होंने भाजपा के नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें नकारात्मक राजनीति त्यागकर प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार को सहयोग देना चाहिए।

**<u>भेंट</u>**

इस बीच आज शिमला में देहरा विधानसभा क्षेत्र से आए विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडलों ने मुख्यमंत्री को अपनी विभिन्न मांगों से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने उप–चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कमेलश ठाकुर को विजयी बनाने के लिए देहरा की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडलों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान और मांगों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। विधायक कमलेश ठाकुर ने उप–चुनावों में समर्थन के लिए देहरावासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देहरा के लोगों की समस्याओं का समाधान ही उनकी प्राथमिकता है।

**<u>शांडिल</u>**

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा के युग में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे आज सोलन ज़िला के वाकनाघाट स्थित निजी विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि अच्छी शिक्षा प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हुए अपनी संस्कृति को संजोए रखने में अपना बहुमूल्य सहयोग दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है और इस दिशा में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है। शांडिल ने कार्यक्रम

में सोलन व शिमला ज़िलों के 70 स्कूलों के लगभग 4 सौ 50 मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

**<u>जयराम</u>**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि भाजपा प्रदेश की कांग्रेस सरकार के जनहित के मुददो का समर्थन करेगी लेकिन मनमानी करने पर सरकार के खिलाफ आवाज भी उठाएगी। विधानसभा में आज विधायकों के शपथ ग्रहण के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने ये बात कही। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री अब झूठ बोलने के बजाए कांग्रेस द्वारा दी गई चुनावी गारंटियों को पूरा करने का काम करे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश में आपदा से प्रभावित परिवारों को अभी तक कोई राहत नहीं मिली है और युवा परीक्षाओं के परिणाम जारी करने के लिए चयन आयोग के गेट पर धरना दे रहे हैं। जयराम ठाकुर ने पूछा है कि सरकार दर्जनों योजनाओं को बंद करने के बाद भी हर महीने कर्ज क्यों ले रही है।

**<u>प्रतिभा सिंह</u>**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने केंद्र सरकार से बजट में हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज देने की मांग की है, जिससे इन क्षेत्रों में विकास की गति को बल मिल सकें। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश के लिए विशेष आर्थिक मदद की मांग करते हुए कहा है कि पिछले साल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा में 12 हजार करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार को 70 हजार करोड़ से अधिक का ऋण व 10 हजार करोड़ से अधिक की देनदारियां पूर्व भाजपा सरकार से विरासत में मिली है इसलिए केंद्र सरकार को दिल खोलकर प्रदेश की आर्थिक मदद करनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए विशेष पैकेज जारी करने की मांग करते हुए कहा है कि इससे प्रदेश के आत्मनिर्भर बनने व बढ़ती बेरोजगारी दूर करने

में मदद मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इस बार के बजट में हिमाचल प्रदेश के लिये रेल लाइन के अतिरिक्त कोई बड़ी सौगात की घोषणा होगी।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िला के कटगांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में आयोजित ज़िला स्तरीय अंडर 14 खेल कूद प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया। जगत सिंह नेगी ने प्री–नर्सरी अध्यापकों के 6 हजार पद जल्द भरने का आश्वासन दिया और स्कूल के खेल मैदान का विस्तारीकरण करने की घोषणा की।

## गोविंद ठाकुर

पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के चलते प्रदेश के पर्यटन उद्योग को नुकसान पहुंचा है। आज कुल्लू में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि बाहरी राज्यों से ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट वाले वाहनों पर प्रदेश में अलग से टैक्स लगा दिया है, जिससे बाहर के टूरिस्ट ऑपरेटर हिमाचल की बुकिंग नहीं ले रहे हैं। गोविंद ठाकुर ने कहा कि इससे पर्यटकों ने अन्य पहाड़ी राज्यों का रूख कर लिया है।

## बैठक

शिमला के समीप छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास में भ्रमण पर आने वाले सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को टौर की पतल में धाम परोसी जाएगी। राष्ट्रपति निवास छराबड़ा से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर आज शिमला में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अनुपम कश्यप ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से राष्ट्रपति निवास को टौर की पतलें उपलब्ध करवा दी जाएंगी। राष्ट्रपति निवास छराबड़ा के प्रबंधक संजू डोगरा ने बताया कि इन पतलों का निष्पादन आसान होता है और इससे पर्यावरण पर कोई विपरित असर नहीं पड़ेगा।

**बैडमिंटन**

शिमला में खेली जा रही जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में आज अंडर 17 आयु वर्ग के लड़कियों के मुकाबला में प्रज्ञा वर्मा जिला चैंपियन बनी। इसी तरह लड़कों के अंडर 15 आयु वर्ग में विश्वजीत सिंह जिला चैंपियन बने। अंडर 15 आयु वर्ग के लड़कियों के एकल मुकाबले में जीवा झोगटा चैंपियन बनी। इसी आयु वर्ग के लड़कियों के डबल मुकाबले में ईवा झोगटा और रितिका शर्मा की जोड़ी चौंपियन बनी।

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध– आईजीएमसी में 6 सौ स्टॉफ नर्स और 43 ऑपरेशन थियेटर असिस्टैंट जल्द होंगे तैनात।
- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने तीन नवनिर्वाचित विधायकों को दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– प्रदेश सरकार के जनहित के मुददो का सर्मथन करेगी भाजपा– मनमानी के खिलाफ उठाएगी आवाज।
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने केंद्रीय बजट में हिमाचल सहित अन्य पहाड़ी राज्यों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की मांग की।